राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान

झालाना सांस्थानिक क्षेत्र, जयपुर

क्रमांक :—F-109(6)/SIHFW/MH-Recruit/Pharma/2023/2284 दिनांकः— 25/02/25

फार्मासिस्ट भर्ती 2023 के अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक सूचना

राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर द्वारा दिनांक 07.01.2025 को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से फार्मासिस्ट भर्ती 2023 में दिनांक 05.07.2024 को जारी अंतरिम वरीयता सूची में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों को अनुभव अवधि के दौरान दोहरा कार्य किये जाने के संबंध में ऑनलाईन शपथ—पत्र प्रस्तुत किये जाने हेतु दिनांक 08.01.2025 से 14.01.2025 तक अवसर प्रदान किया गया था। अंतरिम चयन सूची में सम्मिलित जिन अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित अवधि में शपथ पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे अभ्यर्थियों को वांछित शपथ पत्र प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 25.02.2025 अपरान्ह 4.00 बजे से दिनांक 03.03.2025 सांय 05.00 बजे तक अंतिम अवसर प्रदान किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि वे इस अवधि में ऑनलाईन शपथ पत्र प्रस्तुत करना तथा मूल शपथ पत्र रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के माध्यम से संस्थान में प्राप्त हो जाना सुनिश्चित करें, जिससे कि इन्हें भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित रखा जा सके। यदि इनके द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो इन्हें भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित रखा जाना संभव नहीं होगा जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित अभ्यर्थी स्वयं का होगा। शपथ पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत सूचना / दिशा—निर्देश / अभ्यर्थियों की सूची संस्थान की वैबसाईट www.sihfwrajasthan.com पर उपलब्ध है। उक्त प्रक्रिया में कठिनाई होने पर संबंधित अभ्यर्थी द्वारा कार्यालय समय में संस्थान में संपर्क किया जा सकता है।

निदेशक
राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान
जयपुर, राजस्थान